# * " शिक्षा का अर्थ "
## (Meaning of Education)

'शिक्षा' शब्द संस्कृत की 'शिक्ष' धातु से बना है। जिसका अर्थ है 'ज्ञानोपार्जन' करना अथवा 'सीखना' है। शिक्षा शब्द सीखने और सीखाने दोनों के संयुक्त अर्थ में प्रयुक्त होता है।

अत: "शिक्षा का तात्पर्य है गुरु से ज्ञान प्राप्त करके चारित्रिक, मानसिक तथा अन्तर्निहित शक्तियों का व्यवस्थित रूप से विकास करना।"

शिक्षा के लिए अंग्रेजी शब्द Education है जो लैटिन भाषा के एडूकेटम (Educatum) शब्द से निकला है जिसका अर्थ है 'शिक्षित करना' या 'बाहर निकालना'। एडूकेटम में E (ए) का अर्थ है 'अन्दर' से और DUCO (ड्यूको) शब्द का अर्थ है "आगे बढ़ना"। बच्चों में बहुत सी शक्तियाँ होती है। ये सुषुप्तावस्था में होती है। इन्हे बाहर लाने और प्रस्फुटित करके विकसित करने का कार्य शिक्षा करती है।

अत: "Education" का शाब्दिक अर्थ 'अंदर से आगे बढ़ना' है।

Scanned by CamScanner

लैटिन लैटिन भाषा के "Educare" (एजुकेयर) तथा "Educere (एजुशियर) शब्दों को भी "Education" शब्द के मूल के रूप में स्वीकार किया जाता है।

Educere — विकसित करना।
Educare — बढ़ाना एवं प्रगति करना।

इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि शिक्षा (Education) का अर्थ है बच्चों के अंदर स्थित ज्ञान, गुणों एवं शक्तियों को सहज रूप से बाहर निकालते हुए उनकी गुप्त शक्तियों को वास्तविक शक्ति का रूप प्रदान करना ही शिक्षा है।

* "शिक्षा की परिभाषा"
(Definitions of Education)

प्रमुख शिक्षाशास्त्रियों एवं दार्शनिकों द्वारा दी गई परिभाषा के द्वारा शिक्षा के अर्थ को और भी स्पष्ट किया जा सकता है जो कि निम्नलिखित हैं :—

* अरस्तु के द्वारा — "शिक्षा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास है।

"Education is the creation of a Healthy Mind in a healthy Body"

2021

* प्लेटो के अनुसार " शारीरिक मानसिक तथा बौद्धिक विकास की प्रक्रिया ही शिक्षा है।"

" Education is a Process of Physical Mental and intellectual Development "

* पेस्तालॉजी के अनुसार – " शिक्षा मनुष्य की आन्तरिक शक्तियों का स्वाभाविक, समन्वित और प्रगतिशील विकास है।

Pestalozzi – " Education is defind as a natural harmonious and Progressive development of man's innate Power "

* रूसो के अनुसार " शिक्षा कुछ और नहीं बल्कि आदतों का निर्माण है। "

" Education is nothing But the formation of habits "

* टैगोर के अनुसार – " उच्चतम शिक्षा वह है जो हमें केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि हमारे जीवन का समस्त पहलुओं में समन्वय उपस्थित करती है।

R.N. Tagore – " The highest education in that which not only gives us Knowledge But also Brings Co-ordination in All Aspects of our life. "

* स्वामी विवेकानंद के अनुसार – " मनुष्य में अन्तर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है। "

Scanned by CamScanner

" Education is to express the inherent perfection in humans. "

* महात्मा गांधी के अनुसार — " शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक या मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क या आत्मा के सर्वांगीण एवं सर्वोत्तम विकास से है। "

" By Education, I mean the all-round and best development of the Soul of the child or the Body of the brain. — Gandhi

* " Education is the realization of the Self "
" शिक्षा स्वयं का बोध है " शंकराचार्य

* जाकिर हुसैन के अनुसार — शिक्षा पूरे जीवन का कार्य है। यह जन्म के समय शुरु होता है और मृत्यु के अंतिम क्षण तक जारी रहता है।

" Education is the work of the whole life. It begins from the Time of Birth and continues until the last moment of death. "

* कौटिल्य के अनुसार — " शिक्षा का अर्थ है देश के लिए प्रशिक्षण और राष्ट्र के लिए प्यार। " Education means Training for the country and Love for the nation "

Scanned by CamScanner

* जॉन डीवी के अनुसार — " शिक्षा वातावरण को नियंत्रित करने वाली वह शक्ति है जिससे प्रत्येक व्यक्ति अपनी निहित सम्भावनाओं की पूर्ति कर सके । "

John Dewey " The development of All these Capacities in the individual which will enable him to Control his environment and fulfill his Possibilities "

* नन के अनुसार — " शिक्षा, मनुष्यता का पूर्ण विकास है जिससे कि वह अपनी सर्वोत्तम शक्ति के अनुसार मानवीय जीवन में मौलिक योगदान दे सके "

T.P. Nunn – " Education is the complete development of individuality So that he Can make an original Contribution to human life according to his Best Capacity. "

* जेम्स के अनुसार — " शिक्षा क्रिया की अर्जित आदतों का संगठन है जो व्यक्ति को उसके सामाजिक एवं भौतिक वातावरण के योग्य बनाती है । "

James – " Education is the organization of acquired habits of action Such as will fit the individual to his Physical and Social environment "

Scanned by CamScanner

# मनोविज्ञान के सम्प्रदायों का विकास
## (Development of School of Psychology)

| सम्प्रदाय | वर्ष | प्रवर्तक | देश | क्षेत्र (Area) |
|---|---|---|---|---|
| 1. संरचनावाद (Structuralism) | 1879 | वुन्ट एवं टिचनर | जर्मनी | संवेदना, भावना, वैज्ञानिक पद्धति |
| 2. प्रकार्यवाद (Functionalism) | 1898 | विलियम जेम्स, जॉन डीवी | अमेरिका | अन्तः क्रियाएँ, बाल मनोविज्ञान, व्यैक्तिक भिन्नता, बुद्धि परीक्षण |
| 3. व्यवहारवाद (Behaviourism) | 1912 | वाटसन, थार्नडाइक, हल, स्किनर, पैवलोव | जर्मनी | शारीरिक क्रियाएँ, मानव व्यवहार की व्याख्या |
| 4. मनोविश्लेषणवाद (Psycho-Analysis) | 1900 | फ्रॉइड, एडलर व जुंग | आस्ट्रिया | अचेतन मन |
| 5. गैस्टाल्टवाद (Gestalt) | 1912 | मैक्स वर्दीमर, काफ्का एवं कोहलर | जर्मनी | प्रत्यक्षीकरण एवं सूझ, पूर्ण से अंश की ओर |
| 6. मानवतावाद (Humanism) | — | — | — | — |
| 7. साहचर्यवाद (Associationalism) | 1898. | हाबस (Hubbs) | ब्रिटेन व रूस | अधिगम एवं स्मृति |
| 8. प्रयोजनवाद (Pragmatism) | | जेम्स, जॉन डीवी, मैक्डुगल | ब्रिटेन | आत्मसम्मान को विशेष रूप से महत्व देना। |

जेम्स रोज — शिक्षा एक दो ध्रुवीय प्रक्रिया है।

17 Sunday "Education is a Two-Polar Process."

कॉलसनिक — शिक्षा मानव की शक्तियों तथा निहित योग्यताओं का विकास है।

"Education is the development of human strengths and Inherent abilities."

Scanned by CamScanner